संख्या:288/2022/967/35-4-2022/001-35-4099/270/2021

प्रेषक,

अमृत त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बिजनौर ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक:23 अगस्त, 2022

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजनांतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद- बिजनौर में शासनादेश संख्या-327/2021/2176/35-4-2021, दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित 18 कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए प्रथम किश्त में धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी द्वारा पत्रांक: 431/ग्रा0अ0वि0/त्वरित-द्वि0किश्त/2022-23, दिनांक 12 जुलाई,2022 द्वारा उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत कार्यों में से 05 कार्यों की लागत के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त धनराशि का पूर्ण उपभोग किया जाना इंगित किया गया है। एतद्द्वारा उक्त 05 कार्यों हेतु लागत रू0 167.91 के सापेक्ष पूर्व में अवमुक्त धनराशि रू0 75.00 लाख को समायोजित करते हुए अवशेष देय धनराशि रू. 92.91 लाख (रूपये बयान्बे लाख इक्यान्बे हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	कार्य का नाम	अनुमोदित लागत	पूर्व में अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	ग्राम घासीवाला में सुख राय के खेत से शान्ति कॉलोनी के सरकारी हैण्डपम्प तक पी0सी0रोड	71.83	15.00	56.83
2	मंडावर-चंदवक रोड से ग्राम शहबाजपुर तक पहली पुलिया तक लगभग 400 मीटर पीसी रोड का निर्माण	17.77	15.00	2.77
3	ग्राम फतेहपुर कला में शहीद स्मारक चौक से ग्राम चक गढ़ी की ओर पी0सी0रोड तक छूटी कड़ी पर सी0सी0रोड का निर्माण	34.17	15.00	19.17
4	मेरठ पौड़ी हाइवे,सिंचाई विभाग के डाक बंगले के सामने से(छूटी कड़ी) आवास विकास के तिराहे तक सी0सी0रोड का निर्माण	23.98	15.00	8.98
5	ग्राम सिकन्दरी में मन्नू सिंह के घर से देवता तक सी0सी0रोड का निर्माण	20.16	15.00	5.16
	योग-	**167.91**	**75.00**	**92.91**

1- उक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 की शर्ते यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक- 07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 92,91,000 (रूपये बयान्बे लाख इक्यानबे हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखा शीर्षक 505404337 0303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक- 07 जून, 2022में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अमृत त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

संख्या:288/2022/967/35-4-2022/001-35-4099/270/2021, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी ।
7- मण्डलायुक्त, मुरादाबाद मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।
9- मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर ।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, बिजनौर ।
11- गार्ड फाईल।
12- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5।
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, बिजनौर ।
14- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, बिजनौर ।

आज्ञा से,

(अमृत त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in